सार-समाचार

ईद व होली मिलन समारोह आयोजित

उदयपुर, (कासं)। रामा मेहता चेरिटेबल ट्रस्ट व उदयपुर तालीम तरबियत फाउंडेशन की ओर से ईद व होली मिलन समारोह रविवार का आयोजित हुआ। ईद और होल मिलन समारोह के दौरान शायरों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। डॉ. इकबाल सागर, डॉ. प्रेम भण्डारी, डॉ. सिद्दीका साहिबा, चन्द्रशेखर खत्री, आसमा बेगम, अकबर शाद, मुश्तरक चंचल सहित अन्य हिंदी और उर्दू कवियों द्वारा कविता, नज्म और गजलों की प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त श्रीमती प्रज्ञा केवलरमानी ने कहा कि आज का आयोजन हमारे मुल्क की गंगा –जमनी तहजीब का सेलिब्रेशन है। ट्रस्ट के संरक्षक अजय एस. मेहता ने कहा कि ऐसा लग रहा है, दूनियां मे नफरत फैल रही है। समाज मे दूरीयों बढ़ रही है और इन दूरियों का फायदा कुछ कतिपय नेता उठा रहे है, लेकिन हमे हिन्दू – मुसलमान नही बल्कि इंसान बन कर रहना है। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त श्रीमती प्रज्ञा केवलरमानी, ट्रस्ट के संरक्षक अजय एस. मेहता, फाउंडेशन के संरक्षक शेख शब्बीर के मुस्तफा, उदयपुर रत्न इकबाल सागर, पूर्व पार्षद बतुल हबीब, अब्दुल लतीफ मंसूरी, सेवानिवृत्त उपकल्याण आयुक्त व फाउंडेशन के संयोजक जाहिद मंसूरी आदि मौजूद रहे।

भाजपा स्थापना दिवस मनाया

उदयपुर, (कासं)। भाजपा के 46 वे स्थापना दिवस को भाजपा उदयपुर देहात द्वारा बलीचा स्थित भाजपा कार्यालय पर दिव्यता, वैदिक अनुष्ठान ओर संगीतमय सुंदरकांड का श्रवण कर मनाया गया । प्रातः काल भाजपा उदयपुर देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली ने कार्यालय पर पार्टी ध्वज वंदन कार्यक्रम हुआ। स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यालयों को रोशनी व बंदनवार से सजाया गया। शाम को जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सांसद डा मन्नालाल रावत, उदयपुर देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली, शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष डा चंद्रगुप्त सिंह चौहान, भंवरसिंह पंवार, पूर्व जिला उप प्रमुख शांति लाल मेघवाल, जिला महामंत्री दीपक शर्मा एवं पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में रामलला के विग्रह को 56 भोग लगाया गया एवं संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन हुआ । वैदिक यज्ञ में आहुतियां डाल राष्ट्र के जन जन के मंगल की कामना व आरती कर भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

प्रश्नोत्तरी व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

उदयपुर, (कासं)। महावीर सेवा संस्थान, फतहपुरा द्वारा नौ दिवसीय महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के पांचवे दिन भगवान महावीर प्रश्नोत्तरी, चित्रकला व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।संस्थान प्रवक्ता प्रशांत भंडारी ने बताया क्षेत्र के नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, भगवान महावीर पर आधारित प्रश्नोत्तरी एवं जैन धर्म की थीम पर फैंसी ड्रेस का आयोजन। हुआ। बच्चों ने जैन धर्म पर आधारित 14 स्वप्नों, जैन तीर्थंकर के प्रतीक चिन्हों आदि को चित्रों के माध्यम से कागज़ पर प्रदर्शित की। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम मिताशी चाजेड़, द्वितीय हंसिका जैन, भगवान महावीर प्रश्नोत्तरी में प्रथम पूर्वी जैन द्वितीय नमन भंडारी एवं फैंसी ड्रेस में प्रथम नियति कुनावत द्वितीय उत्पल लोढ़ा के साथ सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

समिट को लेकर बैठक आयोजित

उदयपुर, (कासं)। एक राष्ट्र एक चुनाव के तहत 20 अप्रेल को दिल्ली में होने वाली स्टूडेंट लीडर समिट की राष्ट्रीय आयोजन की तैयारी से पूर्व पटेल सर्कल स्थित भाजपा कार्यालय के मीडिया सेंटर पर उदयपुर संभाग संयोजक सुविवि के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पंकज बोराणा व सहसंयोजक मीरा कन्या महाविद्यालय की पूर्व अध्यक्ष डिंपल भावसार के नेतृत्व मे बैठक आयोजित की गई जिसमे आगामी कार्यक्रमो पर चर्चा कर रुपरेखा बनाई गई। साथ ही एक चुनाव होने से राष्ट्र को कितना लाभ होगा इस पर भी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विचार रखे गए।कार्यक्रम की आगामी रुपरेखा के लिए उदयपुर शहर प्रभारी सुविवि पूर्व अध्यक्ष अमित पालीवाल, उदयपुर देहात प्रभारी बी एन कॉलेज पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पंवार, राजसमंद प्रभारी पूर्व सुविवि अध्यक्ष हिमांशु बागड़ी, सयोजक हितेश पालीवाल सहसंयोजक नरपत सिंह, चितोड़गड़ प्रभारी पूर्व उपाध्यक्ष सुविवि ध्रुव श्रीमाली, संयोजक मुकेश गुर्जर, सहसंयोजक रवि मेनारिया कृष्ण पाल सिंह चुंडावत, बांसवाड़ा प्रभारी पूर्व अध्यक्ष उमेश मीणा संयोजक हीरेन पटेल सह संयोजक राकेश गिडिया, डूंगरपुर प्रभारी पूर्व महासचिव सुविवि कपीश जैन, संयोजक प्रवीण रोत सहसंयोजक करुणा निनोमा , प्रतापगढ़ प्रभारी पूर्व महासचिव सुविवि गजेंद्र त्रिवेदी, संयोजक अमित कमानी सहसंयोजक प्रवीण देवड़ा को दायित्व सौंपा गया।

रामनवमी पर जुलूस निकाला

मंडफिया, (निसं)।रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा जुलूस निकाला गया। इस मौके पर बावडी वाले हनुमानजी मंदिर से पूजा अर्चना कर बैंड बाजों एवं डीजे के साथ निकले जुलूस में बग्गी में राम दरबार की सजीव झांकी एवं छवि सजाई गई। कबूतर खाना, मंदिर मार्ग, मीरा सर्कल, ब्रह्मपुरी, जैन मोहल्ला आदि प्रमुख क्षेत्र से युवाओं ने नाचते गाते केसरिया ध्वज लहराते हुए एवं जयकारे लगाते हुए जुलूस निकाला। जिसमें शिवजी की बारात एवं हनुमानजी की सजीव झांकियां साथ चल रही थी। इनके द्वारा मीरा सर्कल आदि प्रमुख स्थानों पर होली खेले मसाने में आदि गीतों पर रंग गुलाल उडाते हुए आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। इसके पहले शनिवार शाम को युवाओं ने केसरिया लहराते हुए विशाल बाइक रैली निकाली। कार्यक्रमों की समस्त व्यवस्था विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई। जिसमें लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

डूंगरपुर में भगवान रामलला के जन्मोत्सव की रही धूम

डूंगरपुर, (निसं)। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामलला के जन्मोत्सव की धूम जिले सहित शहर भर में रही। चैत्र नवरात्रि के पुर्ण होने के साथ ही रामनवमी पर शहर के रामबोला मठ मंदिर में होमात्मक अनुष्ठान के साथ ही आरती में भक्तजन शामिल हुए। रामनवमी को लेकर राम जन्मोत्सव समिति एवं सनातन धर्म समिति के तत्वावधान में शहर में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें शहर सहित गांवों से हजारों भक्तों की जनमैदीनी ने अपनी उपस्थित दर्ज करा समुची गिरी नगरी को रामलला के जयकारों से गुंजायमान कर दिया तो शोभायात्रा को देखने के लिए शहरवासियों का हुजूम उमड पडा।

शोभायात्रा से पूर्व बादल महल

■ **रामनवमी पर्व पर शोभायात्रा में उमड़े हजारों धर्मप्रेमी**

कथा स्थल पर अतिथियों ने सभी रामभक्तो को राम जन्मोत्सव की शुभकामना देते हुए आ ान किया कि वह मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों का पालन करते हुए इस ऐतिहासिक शोभायात्रा को मर्यादा के तहत पूरी करें।रामनवमी पर्व को लेकर विगत कई दिनो से चल रही तैयारियां रविवार को भव्य शोभायात्रा के पूर्ण होने के साथ थमी यात्रा के शहर की प्रमुख सडकों पर निकलने पर समूचा शहर राम भक्ति की लहर में झूम उठा। रामबोला मठ में प्रभु श्री के जन्मोत्सव के बाद बादल महल से शोभायात्रा निकली तो हजारों

रामनवमी पर राम जन्मोत्सव समिति एवं सनातन धर्म समिति के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली

श्रद्धालुओं का हुजूम सडक पर उमड पडा। आकर्षक वेशभूषा में अश्वारूढ युवक युवतियों ने शहरवासियों को टकटकी लगाने को विवश कर दिया तो वही भक्ति गीतों व बैंड, डीजे की धुनों के बीच भगवा साफा–बाना पहन व हाथ में भगवा ध्वज लेकर धर्मप्रेमी भगवान श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे जिससे समूचा शहर भगवामय के साथ रामभक्ति लहर में झुम उठा।

शोभायात्रा में महिला वर्ग भी अठाणी क्रम में दिखाई दिया। जिसमे दुपहिया वाहनों पर नारी शक्ति ने मराठी वेशभूषा धारण कर जोश के साथ रामलला के जयकारे लगाते दिखाई दी। मराठी परिधान में शामिल महिलाओं ने आभूषणों से सुसज्जित होकर शोभायात्रा में भारतीय संस्कृति का बोध कराया। शोभायात्रा में जिले के विभिन्न गांवो से ज्यादा डीजे शामिल हुए। युवा वर्ग की टोलिया ने भक्ति गीतो पर जय श्री राम जय जय राम के जयकारों के साथ अपना जोश दिखातें हुए नृत्य किया। भक्ति धुनो पर युवा वर्ग के साथ ही नौनिहाल, युवतियां, महिलाओं ने अपने जयकारो के साथ डीजे की धुन पर कदम से कदम मिला कर समूचे शहर को थिरकाया। शोभायात्रा को लेकर विभिन्न समाज एवं संगठनों द्वारा शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओ के लिए शितल पेयजल की व्यवस्था की गई। शहर के ओटा स्थित नेमिनाथ जी जैन मंदिर के पास जैन नवयुवक मण्डल व वीशा पोरवाड समाज की तरफ से रामभक्तों का नींबू पानी, गेपसागर की पाल पर सनातन धर्म समिति, पंच भट्ट मेवाडा समाज सहित विभिन्न संगठनों ने शितल पेयजल पिला कर स्वागत किया गया। वाग्यवर की धरा पर ऐतिहासिक रामनवमी शोभायात्रा में शहर के 3 किलोमीटर तक रामभक्तो की भीड लग गई। जहां देखो वहां सिर्फ़ हाथों में भगवा लिए लोगों नजऱ आ रहे थे। शोभायात्रा को देखने के लिए जिसे जहां जगह मिली वह वही ठहर सा गया।

परिसीमन को लेकर प्रदर्शन आज

उदयपुर, (कासं)। कानपुर के व्यापारी परिसीमन को लेकर सोमवार को निगम के खिलाफ दुकानें व प्रतिष्ठान बंद कर विरोध जताएंगे।

शहर के समीप कानपुर गांव के मुख्य चौक हाटा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पर हुई सर्व समाज की बैठक में यह निर्णय लिया । बैठक में बताया गया कि कानपुर गांव के सर्व समाज के सभी समाज जन,प्रबुद्धजन, व्यापारियों द्वारा नगर निगम के विस्तार को लेकर कई महीनो से गांव के युवा छात्र.छात्राएं किसान व मजदूर पशुपालक दुध उत्पादक सभी में आक्रोश व्याप्त है । बैठक में ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि कानपुर की भौगोलिक सांस्कृतिक वनस्पति और पारिस्थितिक विकास की विरासत को बचाने के लिए विरोध स्वरूप आपत्तियों पर आपत्तियां दर्ज करवा चुके हैं व कई बार धरना प्रदर्शन ज्ञापन तक दे चुके हैं! परंतु अभी तक प्रशासन ने हमारी एक नहीं सुनी है! व प्रशासन व सरकार परिसीमन की तैयारी पर तैयारी कर रहा है। प्रशासन व सरकार तक अपनी गांव की पीडा को पहुंचाने के लिए वृद्ध स्तर पर आंदोलन की रूपरेखा तैयारी के साथ ही गांव कानपुर के व्यापारियों ने लगभग 400 से भी अधिक दुकानें व प्रतिष्ठान बंद रखने का समर्थन दिया है। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से निर्णय करते हुए प्रस्ताव लिया है कि बडी संख्या में सोमवार को जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

नकदी चोरी

उदयपुर,(कासं)। गुलाब बाग में स्थित टॉय रेलवे स्टेशन से चोर नकदी चुरा ले गए। 3अप्रेल रात में चोर गुलाब बाग में स्थित टॉय रेल्वे स्टेशन के गेट का चार बदमाश ताला तोड़ कर गल्ला निकाल ले गए। जिसमें करीब बीस से पच्चीस हजार रूपये नकदी थी। चोर नकदी निकालने के बाद गल्ला नाले में फैक कर फरार हो गए। टॉय रेल्वे स्टेशन का संचालन कर्ता ठेकेदार ढिंढस समदड़ी बीकानेर निवासी राजेन्द्रसिंह ने प्रकरण दर्ज करवाया।

बैठक आयोजित

राजसमंद, (निसं)। राजसमंद जिले के कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति का गठन करने की मांग को लेकर कस्बे के प्रबुद्धजनों की नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी अभियान की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में सभी सदस्यों ने एकमत होकर तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति का गठन की मांग को शीघ्र पूरा करने की राज्य सरकार से मांग की।

कार्यकर्ताओं ने बताया गया कि वर्तमान में कुंवारिया तहसील मुख्यालय व पुलिस थाना स्थित हैं। कस्बे की बसावट फोरलेन व रेलवे ब्रोडगेज के समीप हैं। क्षैत्र की 15 से अधिक पंचायतें यहां से सीधी जुडी हुई है और अपनी राजस्व संबंधी आवश्यक सेवाएं सुलभ प्राप्त करती हैं इस लहजे से पंचायत समिति मुख्यालय भी कुंवारिया बने तो प्रशासनिक रूप से जनता और सरकार दोनों के लिए लाभदायक होगा व सभी कार्य एक स्थान से आसानी से हो सकेंगे। कार्यकर्ताओं ने बताया कि कुंवारिया में पंचायत समिति बने तो आम जनता को अलग–अलग जगह चक्कर नहीं लगाने पडेगे और प्रशासनिक रूप से भी मॉनिटरिंग करने में और विभागों की तारतम्यता में सरलता होगी।

शिविर में 78 यूनिट रक्तदान

डूंगरपुर, (निसं)। जैन नवयुवक मंडल के तत्वाधान मे छः दिवसीय कार्यक्रम मे रविवार के दूसरे दिन जैन सोसाइटी स्थित संभवनाथ मंदिर परिसर मे रक्तदान शिविर का योजना जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष राजेश डेंडू व सकल जैन प्रतिनिधियों के सान्निध्य मे प्रारम्भ हुआ । जिसमें बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के महिला पुरुष व युवाओं ने भाग लिया।

नवयुवक मंडल के मिडिया प्रभारी लखन सेठिया ने बताया कि रविवार को आयोजित भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव मे रक्तदान शिविर का योजना जैन सोसाइटी संभवनाथ मंदिर परिसर पर जिला चिकित्सालय के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. कोस्तभ सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ. तुराब खुशनूद, डॉ. राजेश सर्रेया, शिविर प्रभारी पद्मेश गांधी व हर्षवर्धन जैन के निर्देशन में प्रारम्भ हुआ। शिविर में जहा 78 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया वही 120 से अधिक ने अपने रक्तसमुह की जांच करवाई। इस दौरान युवाओं के साथ साथ 19 मातृशक्ति में भी रक्तदान किया व युवाओ ने भविष्य मे रक्तदान करने का संकल्प लिया, रक्तदान के दौरान रक्तदान प्रभारी पद्मेश गांधी के द्वारा 5 जांचे जैसे एड्स,

भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के तहत रक्तदान किया।

सिपलिस, मलेरिया, हेबटाईजस बी और सी जो रक्तदान के दौरान की जाती है उनकी जानकारी सभी रक्तवीरो को दी, रक्तवीर हर्षवर्धन जैन व पद्मेश गाँधी का जैन नवयुवक मण्डल के द्वारा उपर्णा ओड़ा कर सम्मान किया।

रक्तदान के प्रायोजक डॉ. कुशल चंपालाल जैन व द्वारा रक्तवीरो को उपहार व ब्लड बैंक की ओर से सम्मान पत्र एवं डोनर कार्ड भेंट किये गए तथा इन रक्तविरो का जैन नवयुवक मंडल ने आभार जताया, चिकित्सालय से शिविर मे मोहन लाल यादव, खुमानसिंह चौहान, स्वागतलक्ष्मी त्रिवेदी, पूनम राठौड़, हितेश नाई, निलेश गमेती, संजय डामोर, कृष्णा सेवक, तारा यादव व मुकेश बलात ने रक्तदान शिविर ने सहयोग किया। इसके पश्चात दोपहर मे जैन सोसाइटी स्थित संभवनाथ उपाश्रय मे रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, इसमें करीब 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने भगवान महावीर के पंच सिद्धांतों, नवकार महामंत्र की महिमा सहित विभिन्न धर्म आधारित चित्रों को उकेरा। रात्रि ओटा स्थित नेमीनाथ जैन मंदिर परिसर हॉल मे गरबा रास का कार्यक्रम मे सकल जैन समाज की महिला मण्डल और पुरुष वर्ग द्वारा गरबा रास हुआ। कार्यक्रम मे महामंत्री सुनील जैन, विवेक दोसी, सूर्या प्रकाश जैन, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन, रवि सेठ, केशु भाई, रमेश जैन, विनोद दोशी, प्रकाश कोटडीया, लक्ष्मी लाल काका, अशोक दोशी, सुबोध सर्रेया, सिद्धार्थ मेहता आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए

मंडफिया, (निसं)। कैबिनेट मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। मंदिर पुजारी ने मंत्री मीणा को तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। मंत्री मीणा का मंदिर परंपरा के अनुसार उपरना ओढ़ाकर भगवान का महा प्रसाद एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, मंडफिया पूर्व सरपंच हजारी दास वैष्णव, सचिन वैष्णव आदि उपस्थित थे। इसी तरह जोधपुर हाईकोर्ट के न्यायाधीश नरेंद्र सिंह धड़ा ने भी भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। न्यायाधीश धड़ा का मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने उपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद एवं तस्वीर भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया।

अधेड़ का शव मिला

उदयपुर,(कासं)। जिले के सायरा थाना क्षेत्र में रविवार को अधेड का शव लहुलुहान हालत में मिलने के बाद सनसनी फैल गई। शव ब्राह्मणों का कलवाना से झालों का कलवाना जाने वाले रोड से करीब आधा किलोमीटर दूर जंगल में पडा मिला। मृतक के सिर और चेहरे सहित शरीर पर कई जगह गंभीर चोट के निशान थे। सिर से बहुत ज्यादा खून बह रहा था। ऐसे में किसी अज्ञात द्वारा युवक की हत्या की संभावना जताई जा रही है।जंगल में किसी काम के लिए अन्य ग्रामीण की शव पर नजर पडी तो उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सायरा थानाधिकारी प्रवीण सिंह जुगतावत जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को सायरा सरकारी हॉस्पिटल में रखवाया है। पहचान ब्राह्मणों का कलवाना निवासी नाथू लाल (55) पुत्र गमना गमेती के रूप में हुई है। परिजनों को सूचना दे दी है। युवक की हत्या की गई या फिर मौत की और कोई वजह है पुलिस इस मामले में जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार नाथू लाल गमेती मूलत ढकिोडा का रहने वाला है, जो कई साल पहले अपनी ससुराल ब्राह्मणों का कलवाना में आकर यहीं रह रहा था। उसके दो बेटे है जो गुजरात में काम करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक को सुबह करीब 9 बजे जंगल की तरफ भैंस ले जाते हुए देखा था। वह अपनी पहली पत्नी की मौत के बाद दूसरी पत्नी लाया था। मौत की सूचना मिलने के बाद उसकी पत्नी का रो.रोकर बूरा हाल है। इधर पुलिस हत्या की संभावना को देखते हुए आसपास जंगल में टीमें भेजकर जांच में जुटी है।

शिविर में 53 यूनिट रक्तदान

उदयपुर,(कासं)। श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में बजरंग सेना मेवाड की तत्वाधान में सात दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन पेसिफिक हॉस्पिटल जगत में हुआ जिसमें 53 यूनिट रक्तदान किया , जिसमें मातृशक्ति युवा साथियों और विशेष कर संतों ने रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया।सेना के संस्थापक कमलेंद्र सिंह पंवार, संभागीय प्रभारी जेएस बना ,जवान सिंह जावद, रक्तदान शिविर प्रभारी मगन सिंह जगत, विजयपाल सिंह, यशवंत सिंह, केशर सिंह रूणीजा, हिमांशु सिंह पेसिफिक रक्तकोष प्रभारी लाला गायरी, भेरू सिंह सोनगरा आदि कई पदाधिकारी उपस्थित रहें। सोमवार को पवन पुत्र पिछोला आरती गणगौर घाट पर शाम को 6 बजे की जाएगी।

लाखों की नकदी हड़पी

उदयपुर, (कासं)। सविना थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ फ्लेट खरीद कर लाखों का भुगतान हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मोहित जैन पुत्र भगवतीलाल चित्तौडा निवासी हिराबाग कॉलोनी यूनिवरसिटी रोड़ हॉल मैनेजर एस के खेतान कंपनी ठ्रुप ने प्रहलाद भाई पारसराम जगवानी निवासी गुजरात के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी ने कंपनी से फ्लेट खरीदे थे। जिनके बदले में आरोपी ने चैक दिए। निर्धारित समय पर 50 लाख के चैक बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गए। इसको लेकर उगाही करने पर आरोपी ने टालम टोल करना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

उदयपुर, (कासं)। इस्कॉन कोवे के मोहन पुरा चिरवा मे निर्माणाधीन श्री गन्धर्विका गोवर्धनधारी मन्दिर की ओर से आयोजित रामनवमी महोत्सव मे रविवार को परमानन्द गार्डन सोभागपुरा मे तीसरे दिन राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रोजेक्ट डाइरेक्टर मदन गोविंद प्रभु ने बताया कि प्रातःकाल भोर मे ही मंगला आरती जपा माला कीर्तन के पश्चात मुम्बई से आये शुद्ध सेवक प्रभु जी ने राम जन्म के पूर्व के, जन्म के समय और जन्म के बाद के अनेक सन्दर्भ को रोचक तरीके से सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। भगवान राम और रामायण के सभी पात्रो से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए। भगवान श्री राम लक्ष्मण और माता सीता जी का वैष्णव ब्रह्मचारी भक्तो ने सुगंधित पुष्पो से पुष्पाभिषेक किया।

प्राण प्रतिष्ठा व पंचकुंड महायज्ञ 10 से

उदयपुर, (कासं)। नांदेश्वर महादेव में 10 से 14 अप्रैल तक दत्तात्रेय भगवान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं पंचकुंड महायज्ञ के लिए रविवार को जवारा पूजन संपन्न हुआ। समाजसेवी गुणवत सिंह कोठारी ने बताया कि वेदपाठी ब्राह्मणों के साथ विनोद दलाल, खुबी लाल मेनारिया , राजेश मेहता ने जवारा पूजन किया। आयोजन के तहत 10अप्रैल को जल कलश यात्रा, मंडप प्रवेश, गणपति स्थापना, देव स्थापना और अग्नि स्थापना होगी।

दातापति हनुमान मंदिर में राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरण मगरी सेक्टर 4 स्थित दाता पति हनुमान मंदिर में राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के महंत रामदास वैष्णव ने बताया कि आज रविवार को रामनवमी के दिन मंदिर में राम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

रविवार रामनवमी को रामजन्मोत्सव के अवसर पर दोपहर 12 बजे राम दरबार की महाआरती की गई तथा मंदिर में आए भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। महंत ने बताया कि नवरात्रि के उपलक्ष्य में 30 मार्च को चैत्र माह के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि को दोपहर 12 बजे घट स्थापना हुई, जिसके बाद से प्रतिदिन सुंदरकांड के पाठ किए जा रहे हैं। साथ ही महिलाएँ भजन–कीर्तन में संलग्न होकर भगवान की आराधना कर रही हैं। महंत ने बताया की। 6 से 8 अप्रैल तक महिलाओं द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 8 अप्रैल, मंगलवार को प्रातः 8 बजे से हवन यज्ञ का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात दोपहर 12:00 बजे मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन किया

उदयपुर के हिरण मगरी सेक्टर 4 स्थित दाता पति हनुमान मंदिर में राम जन्मोत्सव मनाया।

जाएगा तथा 12:15 बजे ध्वजा चढ़ाई जाएगी। दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा, जिसमें मंदिर में पधारे सभी भक्तों को भोजन प्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर के महंत रामदास वैष्णव ने आसपास के सभी कॉलोनियों के निवासियों से आग्रह किया है कि वे इस शुभ अवसर पर महाआरती में भाग लें एवं प्रसाद वितरण का आनंद प्राप्त करें। इस अवसर पर मंदिर को विशेष सजावट से सुसज्जित किया गया है।

समझौते पर हस्ताक्षर किए

उदयपुर, (कासं)। नेपाल के प्रतिष्ठित नेपाल अंतर्राष्ट्रीय एडीआर सेंटर और उदयपुर के श्रीजी एसोसिएशन फॉर डिस्प्यूट रेजोल्यूशन (सदर) ने विधिक शिक्षा और विधिक सेवा को लेकर एक महत्वपूर्ण सेवा समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत, नेपाल इंटरनेशनल एडीआर सेंटर अपने नेपाली अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत भारत के साथ व्यापार आदि में उत्पन्न होने वाले विवादों के निपटारे के लिए मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) को बढावा देने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विधिक शिक्षा को बढावा देने के लिए उदयपुर के सदर के साथ सहयोग करेगा। कार्यक्रम मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एम के मेहता, अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायाधीश शिव सिह चौहान, विशिष्ट अतिथि चेयरमैन एनआईएसी डॉ मुक्ति रिजल, मात्रिक नरूला, विजय भटनागर, भूपेंद्र जोशी, रबीना जंगम मौजूद रही। एमओयू हस्ताक्षर समारोह में दोनों संस्थाओं ने बताया कि सदर अपनी स्थानीय भारतीय कानूनों की जानकारी की विशेषज्ञता के साथ अपने विशेषज्ञ मध्यस्थों के समूह के माध्यम से सेवाएं प्रदान करेगा, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त जस्टिस एवं रिटायर्ड जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश शामिल हैं।

श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया

बांसवाड़ा, (निसं)। पिपली चौक स्थित रघुनाथ मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर में भव्य आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के दर्शन भी किये। आयोजन की शुरुआत रामायण पाठ से हुई जो जन्मोत्सव से पूर्व विधिवत रूप से संपन्न हुआ। पाठ के समापन के बाद दोपहर 12 बजे शुभ मुहूर्त में मंदिर परिसर में जय श्रीराम के जयघोष गूंज उठे।

शंख, घंटियों और ढोल–नगाड़ों की मधुर ध्वनि के बीच भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया। जन्मोत्सव के उपरांत महा आरती हुई जिसका संचालन मंदिर के पुजारी पंडित जयंतीलाल जोशी ने विधि–विधान और मंत्रोच्चारण के साथ किया। महा आरती के दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान की आरती उतारी और भक्ति गीतों के साथ भाव प्रकट किए। मंदिर को इस विशेष अवसर पर सुंदर पुष्पों, रंग–बिरंगी लाइट्स और पारंपरिक तोरण द्वारों से सजाया गया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने भजन–कीर्तन में भाग लिया वहीं बच्चों ने भगवान राम की झांकियों का आनंद लिया। महा आरती के पश्चात प्रसादी का आयोजन

भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया

किया गया। श्रद्धालुओं ने हलवा, पूड़ी, सब्जी एवं पंचामृत का आनंद लिया।

श्रीराम जन्मोत्सव पर शहर के ऐतिहासिक एवं प्राचीन श्री रूपचतुर्भुज राय मंदिर में आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। रामनवमी पर मंदिर परिसर में उत्सव का माहौल चरम पर रहा जब श्रीराम जन्म का दृश्य भक्ति और भव्यता के साथ जीवंत हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मानस मंडल द्वारा आयोजित नौ दिवसीय रामायण पारायण से हुई। श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन राम कथा श्रवण कर आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त की।

प्रतिदिन होने वाले सांगीतिक भजन–कीर्तन ने भक्तों के मन को छू लिया। राम जन्मोत्सव के दिन विशेष जन्मोत्सव आरती का आयोजन किया गया जिसमें मंदिर परिसर में दिव्यता की अनुभूति हुई। इस अवसर पर भगवान श्रीराम को स्वर्ण एवं रजत आभूषणों से सुसज्जित आंगी धाराई गई जिसकी भव्यता ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

चमकते आभूषणों और मनमोहक श्रृंगार के साथ भगवान का स्वरूप दर्शकों को अद्वितीय अलौकिक अनुभूति प्रदान कर रहा था। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महिला मंडल की ओर से भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति और समाजजनों की संपूर्ण सहभागिता ने इस आयोजन को भव्य सांस्कृतिक पर्व के रूप में स्थापित किया।